# कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मेरठ।

पत्रांक 3278 /14–1(व.भू.ह), मेरठः दिनांकः 22 जनवरी, 2021.

सेवा मे,

प्रादेशिक प्रबन्धक
भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड
रिटेल क्षेत्रीय कार्यालय, आबू का मकबरा,
केसर गंज, मेरठ।

विषयः– **मैसर्स, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड, आबू का मकबरा, केसरगंज, मेरठ के टैरीटरी मैनेजर (रिटेल) द्वारा मेरठ–बागपत रोड़ पर एन०एच०–58 के किमी० 53 (Ch. 52.500) अन्दर खसरा नम्बर 586 एवं 589 ग्राम मलियाना, तहसील सदर व जिला मेरठ पर रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.055911 हे० संरक्षित वनभूमि के बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति हेतु प्रस्ताव।**
**(Online Proposal No.- FP/UP/Approach/42718/2019)**

सन्दर्भः– भारत सरकार के पत्र संख्या–8बी/यू०पी०/06/122/2020/एफ०सी०/1160, दिनांक–13.01.2021

महोदय,

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके मध्यम से भारत सरकार ने विषयक प्रकरण से सम्बन्धित प्रस्ताव में सशर्त सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

अतः भारत सरकार द्वारा जारी सैद्धान्तिक स्वीकृति दिनांक 13.01.2021 लिखित शर्त सं० 3 व 4 अनुपालन हेतु धनराशि की आंकलन नियमानुसार हैः–

| क्र० सं० | शर्त सं० | मद | धनराशि (रू० में) | भुगतान किये जाने सम्बन्धित विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 3 | 100 वृक्ष रोपण एवं 10 वर्ष अनुरक्षण हेतु आवश्यक धनराशि (प्राक्कलन संलग्न) | 287000.00 | प्रयोक्ता एजेन्सी के ई–पोर्टल के माध्यम से उत्पन्न चालान से |
| 2 | 4 | 0.055911 हे० संरक्षित वन भूमि का शुद्ध वर्तमान मूल्य (NPV) की धनराशि (रू० 6.26 लाख प्रति हे०) | 35000.00 | |
| योग | | | **322000.00** | – |

अतः भारत सरकार के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र की छाया प्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि कृपया आप सैद्धान्तिक स्वीकृति में उल्लिखित शर्त सं० 3 के अनुपालन में 100 वृक्षारोपण एवं 10 वर्षो के अनुरक्षण हेतु धनराशि रू० 287000.00 (रू० दो लाख सतासी हजार मात्र) एवं शर्त सं० 4 के अनुपालन में 0.055911 हे० वन भूमि का शुद्ध वर्तमान मूल्य (एन०वी०पी०) की धनराशि रू० 35000.00 (रू० पैतिस हजार मात्र) **प्रयोक्ता एजेन्सी के ई–पोर्टल के माध्यम से उत्पन्न चालान से कैम्पा फण्ड** में जमा करने का कष्ट करें तथा साथ ही भारत सरकार द्वारा निर्गत सैद्धान्तिक स्वीकृति दिनांक 13.01.2021 में उल्लिखित समस्त शर्त सं० 1 से 16 तक की अनुपालन आख्या/प्रमाण पत्र भी इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
संलग्न– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मेरठ।

CS Scanned with CamScanner